झारखण्ड सरकार

खाद्य,सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,झारखण्ड,राँची।

अधिसूचना

औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग,वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2017 के लिए निरुपित व्यवसाय सुधार कार्य योजना के अन्तर्गत परामर्श दिया गया है कि किसी भी प्रतिष्ठान का लगातार दुबारा निरीक्षण उसी निरीक्षक के द्वारा नहीं किया जाएगाः–

(I) विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009

(II) विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियमावली 2011

(III) विधिक माप विज्ञान (पैकेज कॉमोडिटीज) नियमावली 2011

(IV) विधिक माप विज्ञान (मॉडल एप्रुभल)नियमावली 2011

(V) झारखण्ड,विधिक माप विज्ञान(प्रवर्त्तन)नियमावली 2011

सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त अधिनियम एवं नियमावली जिसका प्रवर्त्तन माप तौल प्रभाग खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,झारखण्ड सरकार के द्वारा किया जाता है के अर्न्तगत किसी भी प्रतिष्ठान का लगातार दुबारा निरीक्षण उसी निरीक्षक के द्वारा नहीं किया जाएगा। दुबारा निरीक्षण आवश्यक होने पर नियंत्रक,विधिक माप विज्ञान,झारखण्ड की पूर्वानुमति से उस निरीक्षक जिसके द्वारा निरीक्षण किया गया है,से वरीय पदाधिकारी के द्वारा वांछित निरीक्षण कार्य सम्पादित किया जाएगा।

(2) इस व्यवस्था के अतिरिक्त विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 एवं इसके अन्तर्गत बनी नियमावलियों के अन्तर्गत किये जाने वाले सभी औचक निरीक्षण नियंत्रक,विधिक माप विज्ञान की पूर्वानुमति से किये जा सकेंगे।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

(विनय कुमार चौबे)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक– खा0मा0तौ0स्था0–02/2017......................राँची, दिनांक..................

प्रतिलिपि– प्रेस अधीक्षक,राजकीय मुद्रणालय,डोरंडा,राँची को सूचनार्थ एवं अगामी राज्य के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

उनसे अनूरोध है कि इस अधिसूचना की 100(एक सौ) प्रतियाँ विभाग को शीघ्र उपलब्ध करायें।

(विनय कुमार चौबे)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक– खा0मा0तौ0स्था0–02/2017.3540.......राँची, दिनांक.....16/08/17

प्रतिलिपि–मुख्य सचिव झारखण्ड,राँची/विकास आयुक्त,झारखण्ड,राँची/सरकार के सभी विभाग/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/विभागाध्यक्ष/सभी उपायुक्त,झारखण्ड,राँची/मान्यनीय मंत्री,खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,झारखण्ड,राँची के आप्त सचिव/नियंत्रक,विधिक माप विज्ञान,झारखण्ड,राँची/ संयुक्त नियंत्रक,विधिक माप विज्ञान,राँची/उप नियंत्रक,विधिक माप विज्ञान,हजारीबाग/दुमका/सभी सहायक नियंत्रक,विधिक माप विज्ञान,झारखण्ड/सभी निरीक्षक,विधिक माप विज्ञान,झारखण्ड/विभाग के सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

16/8/17

(विनय कुमार चौबे)
सरकार के सचिव